## लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लगे गंभीर आरोप, शिकायत के साथ आगे आए पार्षद

# शासकीय जमीन पर बनाई सीवर लाइन

# करोड़ों के राजस्व के नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा (मनीष गड़करी)

छिंदवाड़ा नगर में सीवर लाइन परियोजना को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। नगर में चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। नगर निगम क्षेत्र में काम कर रही लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर आरोप है कि उसने मनमाने ढंग से खुदाई कर सड़कों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और कई स्थानों पर परियोजना के नक्शे और निर्धारित मापदंडों की अनदेखी करते हुए शासकीय भूमि पर ही पाइप लाइन डाल दी।

मामले को लेकर नगर पालिक निगम के पार्षद संदीप सिंह चौहान ने जिला प्रशासन को शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की जांच कराने और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद ने इस संबंध में हरेंद्र नारायण को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि कंपनी की लापरवाही और मनमानी से शहर की सड़कें खराब हो चुकी हैं और शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पाइप लाइन डालकर राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।



### नाला बताकर नदियों में डाले मोटे पाइप

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ स्थानों पर जहां प्राकृतिक जलधाराएं या छोटे नदी-नाले हैं, वहां उन्हें नाला बताकर मोटे पाइप डाल दिए गए। इससे भविष्य में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और बरसात के समय बाढ़ जैसी स्थिति भी बन सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से पर्यावरण और जल प्रवाह पर भी गंभीर असर पड़ सकता है।

### भुगतान रोकने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कलेक्टर हरेंद्र नारायण से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक निर्माण कार्यों में की गई सभी गड़बड़ियों को ठीक नहीं किया जाता, तब तक कंपनी को आगे कोई नया काम शुरू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही कंपनी को अब तक किए गए भुगतान की भी जांच की जाए और यदि अनियमितता पाई जाती है तो आगामी भुगतान पर तुरंत रोक लगाई जाए। साथ ही जिम्मेदार इंजीनियरों पर जांच बैठालकर उनका स्थानांतरण तत्काल किया जाए।

### कई कानूनों के उल्लंघन का आरोप, आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़

पार्षद द्वारा की गई शिकायत में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर कई नियमों और कानूनों के उल्लंघन का आरोप भी लगाया गया है। शिकायत के अनुसार कंपनी द्वारा भू संरक्षण अधिनियम मृदा संरक्षण अधिनियम जल संरक्षण से जुड़े नियमका पालन नहीं किया गया। निर्माण कार्य के दौरान न तो पर्यावरणीय मानकों का ध्यान रखा गया और न ही तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। सिर्फ आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ हुआ है।

### न इंजीनियर दिखे, न मापदंड, इसीलिए जिम्मेदारी तय करना जरूरी

पार्षद का आरोप है कि परियोजना के दौरान स्थल पर तकनीकी निगरानी भी सही तरीके से नहीं की गई। कई स्थानों पर खुदाई का काम बिना किसी जिम्मेदार इंजीनियर की मौजूदगी के ही किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो मौके पर किसी इंजीनियर की उपस्थिति दिखाई देती थी और न ही किसी प्रकार का तकनीकी मापदंड स्पष्ट रूप से लागू किया गया। इस कारण काम की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

### निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम की

सीवर लाइन जैसे बड़े प्रोजेक्ट में निर्माण एजेंसी पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी नगर निगम और उसके इंजीनियरिंग विभाग की होती है। यदि कहीं भी तकनीकी गड़बड़ी, गलत खुदाई या नक्शे के विपरीत काम होता है तो तत्काल नोटिस देकर काम रोकना और सुधार करवाना प्रशासन का कर्तव्य होता है। लेकिन आरोप है कि कई जगह गलत काम होने के बावजूद समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया गया।

### बड़ा सवाल: किसी निजी प्रोजेक्ट को लाभ पहुंचाने का प्रयास तो नहीं

किसी निजी प्रोजेक्ट को फायदा देने की कोशिश तो नहीं। खजरी रोड क्षेत्र में सीवर लाइन को सड़क की बजाए शासकीय भूमि में डाले जाने के आरोप के बाद अब नया सवाल भी उठने लगा है कि जिस इलाके में पाइप लाइन डाली गई वहां कई बड़े निजी होटल ओर व्यवसायी भवनों का निर्माण हो रहा है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी निजी परियोजना को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सीवर लाइन की दिशा तो नहीं बदली गई।

### शासकीय जमीन पर पाइप लाइन का आरोप

नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने का कार्य कर रही लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर आरोप है कि खजरी रोड क्षेत्र में सड़क के बजाय शासकीय भूमि पर ही सीवर पाइप लाइन डाल दी गई।पार्षद संदीप सिंह चौहान का कहना है कि यह भूमि भविष्य में सरकारी भवन, दुकान या अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए इस्तेमाल की जा सकती थी। लेकिन पाइप लाइन डाल दिए जाने के कारण अब उस जमीन पर निर्माण करना संभव नहीं रहेगा, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो सकता है।

### खुदाई के बाद सड़कों का नहीं हुआ सही रेस्टोरेशन

शहर में सीवर लाइन के लिए की गई खुदाई के बाद सड़कों को मूल स्थिति में नहीं लाया गया। कई स्थानों पर सड़कें गड्ढों में बदल चुकी हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई महीनों से खुदाई के बाद भी सड़क मरम्मत का काम अधूरा है। इससे वाहन चालकों और आम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

### डीपीआर और तकनीकी नियमों की अनदेखी

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान परियोजना की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के अनुसार काम नहीं किया गया।कई स्थानों पर बिना उचित सर्वे और तकनीकी मानकों के खुदाई कर दी गई। साथ ही यह भी आरोप है कि निर्माण के दौरान कई बार मौके पर कोई जिम्मेदार इंजीनियर मौजूद नहीं था, जिससे काम की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### भुगतान रोकने और जांच की मांग

पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कलेक्टर हरेंद्र नारायण से मांग की है कि पूरे मामले की तकनीकी और प्रशासनिक जांच कराई जाए।उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक सभी लापरवाहीपूर्ण कार्यों को सुधारा नहीं जाता, तब तक लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी को आगे कोई नया काम शुरू करने की अनुमति न दी जाए और कंपनी को किए गए भुगतान की भी जांच की जाए।

## सेवा संकल्प सोसाइटी का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**छिंदवाड़ा।** अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्वर्गीय पं. श्याम स्वरूप शुक्ला की पुण्य स्मृति में आज विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । डा चंद्रकांत विश्वकर्मा एवं संदीप अग्निहोत्री ने बताया कि शिविर खजरी चौक ओवरब्रिज के नीचे स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास परिसर में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शहर के सुप्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सक विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श देंगे। शिविर में स्त्री रोग, दंत रोग, आयुर्वेद, हृदय एवं मधुमेह, फेफड़ा एवं छाती रोग, किडनी एवं मूत्र रोग, बाल एवं शिशु रोग, नाक-कान-गला, अस्थि रोग, चर्म रोग, होम्योपैथी एवं जनरल फिजिशियन सहित कई विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। सुश्री आराधना शुक्ला एवं डॉ डी एस चौरे ने बताया कि शहर के अनुभवी प्रमुख चिकित्सक अपनी सेवाएं देने पहुंच रहे है उनमें स्त्री,प्रसूति रोग विशेषज्ञः डॉ. नीरजा तिवारी, डॉ. शोभा मोइत्रा, डॉ. प्रीति बघेल दंत रोग विशेषज्ञः डॉ. हितेश मिश्रा, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डॉ. भोला यादव आयुर्वेदाचार्यः डॉ. दिलीप खरे, डॉ. पवन नेमा हृदय, मधुमेह एवं छाती रोग विशेषज्ञः डॉ. जी.एस. दुबे, डॉ. विकास द्विवेदी, डॉ. मनोज किंकर, डॉ. के.एस. बजाज किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञः डॉ. पुष्पेंद्र बघेल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञः डॉ. अल्पना शुक्ला, डॉ. शुभम बारंगे, डॉ. आशीष अग्रवाल नाक-कान-गला विशेषज्ञः डॉ. सुधीर शुक्लाअस्थि रोग विशेषज्ञः डॉ. विवेक नाहर, डॉ. नरेंद्र हनोते, डॉ. अभय सिंह चर्म रोग विशेषज्ञः डॉ. हितेश भलावी होम्योपैथी चिकित्सकः डॉ. कोमल जैसवाल, डॉ. सुजीत रघुवंशी, डॉ. सपना साहू कंसलटेंट फिजिशियनः डॉ. श्रद्धा शर्मा, डॉ नेहा सिंह एवं संस्था से जुड़े सभी चिकित्सकों की सेवाएं रहेगी ।

## शासकीय सेवक मातृत्व शक्ति सम्मान समारोह–2026" का किया आयोजन



**छिंदवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी, छिंदवाड़ा द्वारा "शासकीय सेवक मातृत्व शक्ति सम्मान समारोह–2026" का आयोजन लघु वेतन कर्मचारी संघ के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में महिला अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुईं। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं का प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। उपस्थित मातृशक्ति का फूल, गुलदस्ते एवं गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ, जिसमें कु. सृष्टि रामटेके द्वारा गणेश वंदना तथा कु. समृद्धि समरिया एवं कु. निधि श्रीवास्तव द्वारा क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया गया, कु0 अनन्या द्वारा काव्य पाठ किया गया जिसकी उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सराहना की। डॉ0 मनीषा जैन द्वारा महिला पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती राजनंदनी सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा, श्रीमती स्नेहलता ठवरे सहायक खनिज अधिकारी एवं श्रीमती ममता नामदेव टास्क मैनेजर जिला पंचायत, श्रीमती सोनल बंदेवार, डॉ0 टीकमणि पटवारी सहित अन्य अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी उद्घोषिका गीतांजलि गीत द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिला शक्ति प्रशासन, समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला है तथा उनका समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा समाज को नई दिशा प्रदान करती है।

## सांसद के प्रयासों को मिल रही गति , फोर लेन निर्माण की प्रथम प्रक्रिया हुई पूर्ण

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के अथक प्रयासों से स्वीकृत हुआ 2,500 हजार करोड़ का छिंदवाड़ा से सावनेर और छिंदवाड़ा से सिवनी 150 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 547 छिंदवाड़ा से सावनेर एवं 347 छिंदवाड़ा से सिवनी को फोरलेन में परिवर्तित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शासन स्तर पर ट्रैफिक सर्वेक्षण कराया गया था। सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर और इन मार्गों पर ब्लैक स्पॉटस की उपस्थिति, सामाजिक व आर्थिक महत्व तथा पर्यटन स्थलों से जुड़ाव को दृष्टीगत रखते हुए फोरलेन चौड़ीकरण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सिवनी से सावनेर तक 4 लेन की डीपीआर तैयारी का काम मेसर्स एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। एजेंसी ने 15 फरवरी 2026 से काम शुरू कर दिया है और मार्च 2026 के आखिर तक बेसिक इंसेप्शन/फीजिबिलिटी रिपोर्ट जमा करने का टारगेट है। साथ ही साल 2026 के आखिर तक ज़मीन अधिग्रहण समेत डीपीआर का काम पूरा करने का टारगेट है। विदित है कि सांसद बंटी विवेक साहू के अथक प्रयासों के बाद केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 2,500 हजार करोड़ की लागत से बनने वाले छिंदवाड़ा से सावनेर और छिंदवाड़ा से सिवनी 150 किलोमीटर फोरलेन मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके निर्माण को लेकर विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। डीपीआर के तैयार होने एवं उसके निष्कर्षो के आधार पर आगे की आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग ने उक्त फोरलेन के निर्माण को लेकर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कार्यवाही पूर्ण होते ही अब जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 547 छिंदवाड़ा से सावनेर एवं 347 छिंदवाड़ा से सिवनी को फोरलेन में परिवर्तित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के विकास को मिलेगी गतिसांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो जाने से जहां जिले के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी वहीं छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के विकास को गति भी मिलेगीं। अभी छिन्दवाड़ा से नागपूर तक जाने में लगभग 4 घण्टे का समय लगता है जो कि घटकर 2 घण्टे का रह जायेगा वहीं दुर्घटनाएं भी कम होगी। उक्त फोरलेन बन जाने से छिन्दवाड़ा और सौंसर में नयें उद्योग खुलने की संभावनाएं भी बढ़ जायेगी। जिससे दोनों जिलो में रोजगार के अवसर भी बढेगें। छिन्दवाड़ा जिला महानगरों की तर्ज पर विकसित हो रहा है। कई बड़ी औद्योगिक इकाईया भी जिले में संचालित है। भविष्य में यहां पर कृषि आधारित उद्योग भी स्थापित किये जाने है। जहां कन्हान नदी पर चार हजार करोड़ लागत वाले छिन्दवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स का काम जारी है वहीं पेंच व्यवर्तन सिंचाई परियोजना जिसकी लागत लगभग ढाई हजार करोड़ है वह भी पूरी हो गई है। फोरलेन सड़क बन जाने से इन परियोजनाओं का लाभ भी जिलेवासियों को शीघ्र ही मिल सकेगा। उल्लेखनिय है कि छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत और कृतसंकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान ही दोनों जिलो में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से करोड़ां के विकास कार्यों की सौगात दोनों जिलो के निवासियों को दिला चूके है।

# कलेक्टर की फटकार के बाद उपयंत्रियों को हुआ क्लस्टर वितरण


छिंदवाड़ा भूमि

कलेक्टर के आदेश पर ब्रेक, जुन्नारदेव-तामिया जनपद में आदेशों की खुलेआम अनदेखी, क्लस्टर व्यवस्था पर उठे सवाल

दो सप्ताह बाद भी उपयंत्रियों को क्लस्टर आवंटन नहीं, मनरेगा और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी छिपाने की चर्चा तेज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

तामिया जुन्नारदेव जनपद पंचायत् की प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निजी कंपनी की तरह चला रहे थे। इनकी मनमर्जी का आलम यह हो गया था कि यह शासन प्रशासन के आदेश निर्देशों की खुली अवेहलना करने में नहीं हिचक रहे थे। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि 6 माह महा पूर्व कोर कमेटी से हुए तबादले के बाद भी अपने खास उपयंत्रियों के चक्कर में क्लस्टर देने की मानसिकता से बाहर नहीं निकाल पाए और कलेक्टर के द्वारा 20 फरवरी को तत्काल प्रभाव से उपयंत्रियों को क्लस्टर वितरण करने राजी नहीं थे जिसका समाचार हरिभूमि ने आज प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसको संज्ञान में लेकर कलेक्टर ने सीईओ जुन्नारदेव तामिया को फटकार लगाई और तत्काल उपयंत्रियों को क्लस्टर वितरण की ताकीद की कलेक्टर की फटकार असर हुआ अंतः कार्यालय बंद होने के पूर्व उपयंत्रियो को क्लस्टर वितरण हो गए।

अब जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का सुचारू रूप से संपादन होगा हरिभूमि की खबर ने एक बार फिर अपना असर दिखाया। इसका परिणाम हुआ कि आज क्लस्टर वितरण हो सका।

## हर पुरुष करें महिलाओं का सम्मान: निवेदिता गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

महिलाओं को सशक्तिकरण करने को लेकर अंत्तराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता हे . जिसमे महिला अपने अधिकारो को जानकर आत्मनिर्भर बन सके । उक्त विषय की जानकारी देने के लिये मुख्य अतिथि एस ए एफ की जिला सेनानी समाजसेवी डब्ल्यू एस ब्राऊन विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव मुस्कान फाऊंडेशन की अध्यक्ष ललिता सरवैया हमारा संकल्प के अध्यक्ष डा नरेन्द्र सोमकुंवर. एड जयप्रकाश करोसिया , अरविंद कुशवाहा ,महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा शहरी परियोजना की पर्यवेक्षक शबनम मंसूरी की उपस्थिति मे मुस्कान फाऊंडेशन एवं हमारा संकल्प छिंदवाड़ा के द्वारा महिला दिवस स्थानीय क्रष्णा ईंस्टीट्यूट मे मनाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि निवेदिता गुप्ता ने कहा की पूर्व से ही महिला एवं पुरुषों के कार्यो को विभाजित कर दिया गया ओर उन्हें संस्कृति मे बांधकर उन्हें बढ़ने का अवसर नही दिया गया।

## साहू परिवार में पितृ शोक छाया

**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ के अध्यक्ष श्री रविशंकर साहू जी लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे कि रविवार को लगभग शाम 04 बजे आकस्मिक निधन हो गया जहां उनकी अंतिम शव यात्रा दिनांक 09 मार्च दिन सोमवार को निकाली गई जहां भारी संख्या में लोग ,रिश्तेदार सगे संबंधी दोस्त मित्र शुभचिंतक गणमान्य नागरिक समाज सेवी धार्मिक संगठन के पदाधिकारी राजनैतिक पार्टी के जन प्रतिनिधिगण व्यापारी बंधु, नगर पालिका पार्षदगण पत्रकार बन्धु एवं लायंस सेवा समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि सभी लोग शामिल होकर मोक्षधाम दमुआ में मृत आत्मा के प्रति मौनधारण किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की ज्ञात हो कि श्री रविशंकर साहू जी सर्वधर्म सम्भव की भावनाओं के साथ कार्य करने वाले गरीब निर्धर बेसहारा लोगो की हरपल मदद करने वाले व्यक्ति थे जिन्होने अपनी विशेष पहचान बनाई थी जिन्होने अपने पीछे पत्नि सहित 3 बेटे एक बेटी सहित बहु बेटे नाती पोते से भरा परिवार छोड गये।




## दिव्यांगों के साथ मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**दमुआ।** सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्यरत चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन सिद्ध वाडी हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान मे आज दिनांक 07 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले के दूर दराज आदिवासी ग्राम पिंडरई कला मे महिला अंतराष्ट्रीय महिला दिवस धूम धाम से मनाया गया जहा बडी संख्या मे आदिवासी ग्रामीण महिला उपस्थित रहे उक्त अवसर पर उपस्थित आदिवासीयो महिलाओं को अपने अधिकारो के प्रति जागरूक करते हुए उपस्थित दिव्यांगो बेग वितरित कर उनका सम्मान भी किया गया उक्त अवसर पर समाज सेवी राजेन्द्र षर्मा सहित दुर्गासिंह राजपूत पत्रकार सहित बडी संख्या में आदिवासी ग्रामीणजन उपस्थिति रहे।

## 55 सेक्टरों में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के क्षमता वृद्धि हेतु (प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान) नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से जिले के 11 विकासखंड में 55 सेक्टर में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना है कि स्वच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के विषय में ग्रामीण जन को इसकी जानकारी प्रदान कर शासन और समाज के बीच में एक सेतु बनने का कार्य करें।

## कलेक्टर श्री नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत न रहे नॉट अटैंडेड: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा श्री सी. पी.राय सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे। बैठक में समय सीमा के लंबित



प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, जनआकांक्षा, न्यायालयीन प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को बेहतर आपसी समन्वय में रहते हुए समय सीमा में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाए। अधिकारी नियमित रूप से जिला कंट्रोल रूम पहुंचें और शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। एक भी शिकायत नॉट अटैंडेड नहीं रहनी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने श्रम विभाग को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### चालानी कार्यवाही जारी रखें

कलेक्टर श्री नारायन ने एनएचएआई, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और यातायात पुलिस को हर्रई बायपास मार्ग पर पेट्रोलिंग करने और अनाधिकृत पार्किंग में खड़े बड़े वाहनों पर लगातार चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### विलंब से एम्बुलेंस पहुंचने पर जताई कड़ी नाराज़गी

बीते दिन शहर से लगे रिंग रोड के पास हुई दुर्घटना के बाद कॉल करने के लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय के बाद एम्बुलेंस के पहुंचने पर कलेक्टर श्री नारायन ने सीएमएचओ पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने शहरी क्षेत्र में उपलब्ध वाहनों की संख्या, 108 कॉल सेंटर में कॉल करने से लेकर एम्बुलेंस के पहुंचने तक के समय और मूवमेंट की विस्तृत जानकारी के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी 108 वाहन चालकों की बैठक लेकर इस संबंध में सेंसिटाइज करने, गोल्डन आवर के महत्व को समझाने और संबंधित को लापरवाही के लिए नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

### डीजे का नियमानुसार ही हो संचालन

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि शहर में बगैर अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। अनुमति प्राप्त डीजे का उपयोग भी शासन द्वारा निर्धारित तीव्रता के अनुसार ही किया जाए। इस संबंध में सभी मंगल भवन/मैरिज लॉन संचालकों से वचनबद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाएं और इसका पालन भी सुनिश्चित कराया।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाएँ जरूरतमंद परिवारों के जीवन में ला रही सकारात्मक बदलाव

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से हर्षिता को मिला मातृत्व का संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शासन की जनकल्याणकारी योजनाएँ जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अनेक महिलाओं के लिए संबल बन रही है। यह योजना गर्भावस्था के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान कर माँ और शिशु दोनों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

छिंदवाड़ा जिले के वार्ड नं.- 18 की निवासी श्रीमती हर्षिता विश्वकर्मा भी इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं में से एक हैं। श्रीमती हर्षिता एक गृहणी हैं और उनके पति बिजली से जुड़े कार्य में मजदूरी करते हैं। सीमित आय में परिवार का खर्च चलाना उनके लिए आसान नहीं था। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जांच, दवाइयों और पोषण की व्यवस्था करना उनके लिए चिंता का विषय बना हुआ था।

**“ मां बनने की राह में जब चिंता ने घेरा था ,**
**सरकारी योजना का हाथ तब सहारा बनकर ठहरा था। ”**

गर्भावस्था के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने श्रीमती हर्षिता को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी और उनका पंजीयन आंगनबाड़ी केंद्र में कराया। योजना के अंतर्गत उन्हें पहली किस्त के रूप में 2000 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने सोनोग्राफी, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की, जिससे उन्हें गर्भावस्था के दौरान काफी राहत मिली। बाद में बच्चे के जन्म और टीकाकरण के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दूसरी किस्त के लिए फार्म भरवाया गया, जिसके बाद उन्हें 3000 रुपये की राशि भी प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने स्वास्थ्य और बच्चे की देखभाल में किया।

**“ छोटी सी मदद ने बड़ी राहत दे दी ,**
**मां और बच्चे की सेहत को नई राह दे दी ।”**

श्रीमती हर्षिता बताती हैं कि उनके पति की सीमित आय में परिवार का खर्च चलाना चुनौतीपूर्ण था और बच्चों के भविष्य तथा पढ़ाई के लिए पैसे बचाना भी मुश्किल हो जाता था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनकी कई चिंताओं को कम कर दिया।

आज हर्षिता विश्वकर्मा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि यह योजना गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत सहायक है। इससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिलता है और वे गर्भावस्था के दौरान अपने स्वास्थ्य और अपने शिशु की बेहतर देखभाल कर पाती हैं।

## संतरा उत्पादकों की समस्याओं का होगा समाधानः सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन ने शुरू की 'कृषि चर्चा

**सौंसर।** किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और उन्नत खेती के गुर सिखाने के उद्देश्य से 'सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन' द्वारा रविवार को ग्राम घोघरा-रिधोरा में एक विशेष ₹कृषि चर्चा₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने कृषि चर्चा में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विशेषज्ञ प्रवीण बेलखेडे ने संतरा उत्पादक किसानों को संबोधित किया। उन्होंने बागों के उचित प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा फसल की गुणवत्ता में सुधार लाने के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बेलखेडे जी ने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती के स्थान पर आधुनिक कृषि पद्धतियों और सही पोषण प्रबंधन को अपनाएं ताकि बेहतर मुनाफा कमा सकें। संगठन के प्रमोटर अजय चौरे ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया की ₹किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्येक रविवार शाम 5 बजे 'कृषि चर्चा' का नियमित आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को निरंतर मार्गदर्शन देना और नई कृषि जानकारियों से अपडेट रखना है। चर्चा के दौरान क्षेत्र के किसानों ने संतरा फसल में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और अपने अनुभव साझा किए, जिनका विशेषज्ञ द्वारा मौके पर ही समाधान बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप पूर्व विधायक अजय चौरे, राजू परमार, राजू राठी, प्रदीप ठाकरे, वसंता चौधरी, ब्रजकिशोर सुदा, बलवंत फोले, मनोहर मोहोड़, योगराज उर्माले, डॉ. अरविन्द फोले, प्रवीण शहस्त्रबुधे, सचिन निम्बालकर, पांडुरंग भूर्से, तुकाराम राउत, अनिल वनकर, मुरैश्वर बोन्द्रे, अरविन्द हाते, कैलाश सापसोडे, निलेश वनकर, पुरुषोत्तम रडके,आदि थे।



## जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा भव्य होली मिलन समारोह, महिला दिवस एवं कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**छिंदवाडा।** जिला माली समाज विकास परिषद के प्रचार मंत्री दिलीप चरपे ने बताया गया कि रविवार को जिला माली समाज के संयोजक भाउराव चरपे की उपस्थिति में जिला माली समाज भवन बरारीपुरा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही महिला दिवस मनाया गया । इसके पश्चात कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया । जिसमें गणेश कारटे संगठन मंत्री द्वारा अपने पिता स्व. यशवंत राव कारटे, माता स्व. चन्द्रकला कारटे की स्मृति में एक लाख रूपये की राशि माली समाज महात्मा फुले भवन लोनिया में सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्य के लिये देने की घोषणा की। तत्पश्चात महिला संगठन एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया । मुख्य कार्यकारिणी में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। मुख्य कार्यकारिणी में संजय दास उपाध्यक्ष, दिलीप चरपे प्रचार मंत्री, महेन्द्र सातपुते सचिव, विनोद कारटे उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा मुसान, गनपत चोखन्द्रे, मनीष दास, शिशिर बाड़बुदे, सुभाष बाड़बुदे को शामिल किया गया । महिला कार्यकारिणी में श्रीमती अनिता चरपे, मीरा बाई बाड़बुदे, सुमन बाई भुसानकर को संरक्षक व प्रभारी बनाया गया । लक्की चोरकर अध्यक्ष, शुभांगी घोरसे महामंत्री, लक्ष्मी दास कार्यवाहक अध्यक्ष, वर्षा भुसानकर उपाध्यक्ष, रेखा आलोनकर उपाध्यक्ष, चन्द्रकला घोरसे उपाध्यक्ष, माधुरी सेमेकार उपाध्यक्ष, संगीता चरपे संगठन मंत्री, मनोरमा सातपुते प्रचार मंत्री, रंजना सातपुते सचिव, रजनी सातपुते संगठन मंत्री, कार्यकारिणी महिला सदस्य योगिता दोड़के, राधा घोरसे, पूजा घोरसे, ज्योति आलोनकर, खुशबू चरपे, संध्या भूषण, रंजना कारटे, भारती लाड़े, रितु कनेरे, रेखा घोरसे, संगीता घोरसे, सुनीता घोरसे, निशा कारटे, ममता भुसान, दीक्षा बाड़बुदे, सुनीता आलोनकर, सविता माटे, माधवी आलोनकर, रेखा चोरकर, सोनाली भगत, गंगा चरपे, मिनाक्षी आलोनकर, ज्योति अलोने, शिल्पा घोरसे, माया सातपुते, सकुन बाई चरपे, संध्या भुसान की नियुक्ति की गई ।

## संत जगनाडे सभागृह में मातृशक्ति का शंखनाद




**पांढुर्णा।** यहां टेकडी वार्ड के संत जगनाडे सभागृह में कल 8 मार्च को तेली समाज महिला संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन मात्र एक उत्सव नारी शक्ति के असीम सामर्थ्य और समाज निर्माण में उनके त्याग का एक सजीव प्रमाण रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की अध्यक्ष देविकाताई जगदीश भांगे ने उपस्थित मातृशक्ति में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि, आज की नारी केवल घर-आंगन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने मजबूत पंख फैलाकर अनंत आकाश छू रही है। उन्होंने अत्यंत गर्व के साथ बताया कि आज महिलाएं बड़ी कंपनियों का सशक्त नेतृत्व कर रही हैं, आसमान का सीना चीरकर हवाई जहाज उड़ा रही हैं और देश की सीमाओं पर अडिग रहकर मातृभूमि की रक्षा कर रही हैं। एक सफल पेशेवर होने के साथ-साथ एक महिला अपने त्याग और समर्पण से एक स्वस्थ, संस्कारवान और सशक्त समाज की मजबूत नींव भी रखती है। रंगों के पावन पर्व रंगपंचमी के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को स्नेहपूर्वक गुलाल लगाकर प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश दिया, जो हमारी सांस्कृतिक एकजुटता का एक अद्भुत दृश्य था।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (अनुसूचित जाति मोर्चा) द्वारा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष की नियुक्ति

**परासिया :** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (अनुसूचित जाति मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार नागवंशी द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक सशक्तिकरण को गति देने हेतु प्रद्धूम जावकर को राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है ।यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी ।नियुक्ति पत्र में अपेक्षा व्यक्त की गई है , कि प्रद्धूम जावकर पार्टी के आंतरिक संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन संस्थापक दादा हीरासिंह मरकाम के विचारों को जन - जन तक पहुंचाएंगे तथा शोषित , पीड़ित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे । साथ ही अनुसूचित जाति समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़कर पार्टी को मजबूत करेंगे ।इसके अतिरिक्त उनसे अपेक्षा की गई है , कि वे व्यवहारिक दक्षता एवं संगठनात्मक क्षमता के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज केगोंडवाना गणतंत्र पार्टी समाज के सर्वांगीण विकास सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है ।



## बढ़ती चोरी की घटनाओं से दहशत, विधायक की पुलिस को चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी पांढुर्णा ने आज 9 मार्च को पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम एडिशनल एसपी निरज सोनी को ज्ञापन सौंपा। इसमे शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने, प्रत्येक वार्ड में पुलिस की नियमित निगरानी करने तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मौके पर विधायक निलेश उईके ने पुलिस की सुरक्षा की बिगड़ी हुई स्थिति को जल्द नियंत्रित करने को कहा अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। नगर कांग्रेस कमेटी ने अपने ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ दिनों से पांढुर्णा शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे शहर के विभिन्न वार्डों में रहने वाले लोगों के बीच भय का माहौल बन गया है। स्थिति यह है कि कई वार्डों में लोग रातभर जागकर स्वयं ही चौकीदारी करने को मजबूर हैं। रात में जरा सी आवाज सुनते ही “चोर आया-चोर आया” की आवाजें गूंजने लगती हैं, जिससे आम नागरिकों में अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में साईं धाम कालोनी एवं संतोषी माता वार्ड में हुई चोरी की घटनाओं का भी अब तक कोई ठोस सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। इससे आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना पैदा हो रही है। नगर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधिक्षक से मांग की है कि शहर में रात्रि गश्त को सख्ती से बढ़ाया जाए तथा चोरी की घटनाओं पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो नगर कांग्रेस कमेटी पांढुर्णा द्वारा जनता के साथ मिलकर पांढुर्णा बंद और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## माता जीजाबाई महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोहपूर्वक मनाया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किरनापुर में माता जीजाबाई महिला मंडल द्वारा महिला दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना था।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत तथा प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे समाज में महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। इस कार्यक्रम में मंडल संयोजक माधुरी बोहरे , मीना बहेकार , अलका गिरिया , बिन्देश्वरी हुकरे , कविता हुकरे, नीलम भूते , रंजू राकड़े , भारती जांगडे , सुनीता क्षीरसागर एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहे ।

## भानेगांव में दिव्यांग जन कल्याण संघ का आयोजन, 38 महिला समूहों की भागीदारी

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पत्रकार सृष्टि बिसेन 'दिव्य ज्योति पुरस्कार' से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज लांजी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत भानेगांव में दिव्यांग जन कल्याण संघ और पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में समारोह हुआ। पत्रकार कु. सृष्टि अशोक बिसेन को 'दिव्य ज्योति पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया—यह द्वितीय श्रेणी का पुरस्कार संघ अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने अपनी दिवंगत माता स्व. ज्योति मिश्रा की स्मृति में प्रदान किया; सृष्टि इस सम्मान की तीसरी प्राप्तकर्ता हैं।राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन (मुख्य अतिथि सरपंच विनीता पाराशर) के बाद कन्या पूजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के 38 महिला स्व-सहायता समूह शामिल हुए। ग्राम सरपंच राम ठाकरे के योगदान को सराहा गया। विशिष्ट अतिथियों—रेवाजी करहाटकर, केशर उरकुड़े, मालती ठाकरे, पायल ठाकरे—को स्मृति चिन्ह दिए गए। संघ प्रेरक जगदीश मिश्रा, सचिव रूपेश कुथे, कोषाध्यक्ष सुनीता बिसेन, अनीता उईके, पारुल ठाकरे सहित गणमान्य नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज-सेवा और महिला सशक्तिकरण की झलक दिखी।

## सामाजिक समरसता और सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देने हुआ सामूहिक विवाह समारोह

# सामूहिक विवाह में 200 जोड़े बने हमसफर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





सामाजिक समरसता और सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देने, निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मायॅल नगरी तिरोड़ी के दुर्गा ग्राउंड में सोमवार 09 मार्च को विकासखंड स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इस भव्य समारोह में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक-दूजे के हमसफर बने। सांई मंदिर से दोपहर 01 बजे एक साथ बैड़-बाजे और ढोल शहनाई के साथ बारात निकाली। इस बारात को देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। लोग अपने घरों की छत पर खड़े होकर बारात का दीदार करते हुए नजर आए। बारात करीब आधा किमी. का भ्रमण करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की अध्यक्षता में विवाह समारोह का आयोजन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार विशिष्ठ अतिथि रहे। समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, प्रकाश उके, प्रियंका परते, रविकांता बोरकर, एसडीएम के.सी.ठाकुर, एसडीओपी विवेक शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, जनपद सदस्य ओमसिंह परते, चमन डोंगरवार, ज्योति सूर्यवंशी, मनोज बोपचे, अजीत बिसेन, कांता बाई परिहार, कांता नेवारे, छबिलता वाहने, छबिलता उइके, दुर्गा बाई गौतम, नितेश पुष्पतोड़े, नेकेन्द्र चौहान, प्रमिला परिहार, बबीता वरकड़े, राजकुमारी राउत, रामप्रसाद भलावी, रेखा परिहार, विनोद पंचभाये, सुकचंद पटले, सुरमन राउत सहित तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंच अतिथि के तौर में शामिल हुए। यहां पर बौद्ध, हिंदू और गोंड़ी परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न करवाएं गए। वर-वधू पवित्र सामाजिक बंधन में बंधने के बाद बेहद उत्साहित नजर आएं। वहीं वर-वधू के माता-पिता चेहरे पर भी खुशियां देखी गई। सामूहिक विवाह समारोह में सबसे पहले भंते धम्मपाल ने बौद्ध रीति-रिवाज से बौद्ध अनुयाईयों का विवाह संपन्न करवाया। तथागत गौतम बुद्ध और संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र को साक्षी मानकर बौद्ध समुदाय के वर-वधू ने एक-दूसरे को अपने जीवन साथी के रूप में स्वीकार किया।

इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से हिंदू धर्म को मानने वाले वर-वधू का विवाह संपन्न हुआ। पंडित मनीष तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न करवाया। हिंदू धर्म के वर-वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर एक-दूसरे का हाथ थामा और जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाकर नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष ने यहां एक जोड़े का उनके परिजनों के साथ मिलकर कन्यादान किया। अंत में भूमका जेठूसिंह तेकाम ने गोंड़ी परपंराओं से गोंड़ समाज के वर-वधू का विवाह संपन्न करवाया। गोंड़ समाज के वर-वधु ने अपने कुल देवता का आहवान किया। हाथों में महुआ का फूल लेकर विवाह की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नोड़ल अधिकारी हितेश पिपलेवार ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी के सफल नेतृत्व में विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सभी 81 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत सचिवों-रोजगार सहायकों और जनपद पंचायत के कर्मचारियों का बेहद अहम योगदान रहा।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने इस आयोजन की प्रशंसा की और बताया कि राज्य सरकार के मुताबिक बालाघाट जिले को सामूहिक विवाह समारोह में 800 जोड़ों का लक्ष्य मिला था। हालांकि यह लक्ष्य कम था। उन्होंने कहा कि आगामी नए सत्र में फिर से नया लक्ष्य मिलेगा जो लोग छूट गए है। वह आने वाले समय में आयोजित होने वाले समारोह में हिस्सा ले सकते है। जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने भी क्षेत्र के कई गरीब कन्या अभिभावकों की पीढ़ा को मंच से साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सामूहिक विवाह में जो लक्ष्य तय कर दिया है। इससे बहुत से गरीब बच्चिं के विवाह संपन्न नहीं हो पाएं। उन्होंने विधायक का ध्यानाकर्षण करवाते हुए भविष्य में होने वाले आयोजन में जोड़ों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास करने की बात कहीं। विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि यह आयोजन बेहद प्रयासों के बाद आयोजित हो पाया है इसमें सीईओ की भूमिका भी बेहद अहम रही। वह भी लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार करते रहे। विधायक ने कहा कि कटंगी इस मामले में सौभाग्यशाली है यहां 200 जोड़ों का एक साथ विवाह हुआ अन्य विकासखंड में 100 जोड़े ही शामिल हो पाए है। विधायक ने कहा कि नए सत्र में सामूहिक विवाह समारोह का शीघ्र ही आयोजन होगा। इसके लिए वह प्रयासशील है।

## नगर परिषद ने दिया था पत्र, लेकिन अब तक नहीं बनी पार्किंग व्यवस्था – एटीएम में भी अक्सर नहीं मिलता कैश

# एसबीआई बैंक के सामने अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।




तहसील मुख्यालय लांजी में स्थित एसबीआई बैंक के सामने अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक के सामने सड़क किनारे वाहन खड़े रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत होती है। जानकारी के अनुसार करीब १५ दिन पहले नगर परिषद ने बैंक प्रबंधन को पत्र लिखकर बैंक परिसर में पार्किंग की व्यवस्था बनाने और आसपास के अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा था। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो यहां दुर्घटना की संभावना भी बढ़ सकती है। वहीं नगर परिषद द्वारा पत्र देने के बाद भी मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इसके अलावा बैंक के एटीएम को लेकर भी लोगों को परेशानी होती है। कई बार एटीएम मशीन में कैश नहीं रहता और उपभोक्ताओं को बिना पैसे निकाले ही वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद और बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द ही पार्किंग व्यवस्था और अतिक्रमण की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र कटंगी में 09 मार्च सोमवार की शाम 04 बजे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वंदेमातरम स्वर्णिम भारत की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी मीना गुप्ता के विशेष आतिथ्य में यह कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी, वारासिवनी केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी सहित सेवा केंद्र से जुड़ी तमाम माताएं और बहनें शामिल हुई। मीना गुप्ता ने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा वैश्विक स्तर पर किये जा रहे नारी सशक्तिकरण व विश्व शांति प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुरूष प्रधान समाज मे नारी को अपनी योग्यता सिद्ध करनी पड़ती है, जबकि पुरुषों के साथ ऐसा नही है। उन्होंने कहा पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि हमें भेदभाव रहित समाज की स्थापना करनी है और यह आध्यात्म से ही संभव है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था इस दिशा में अनवरत कार्य कर रही है। ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने कहा कि महिलाओं को आत्मबल के भरोसे आगे बढ़ना चाहिए, जिसके लिए राजयोग का अभ्यास जरूरी है।

# टपरिया सुधारने के नाम पर गरीब से मांगी रिश्वत, पलारी सरपंच 15 हजार लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला सिवनी की ग्राम पंचायत पलारी के सरपंच रामगोपाल डेहरिया को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

आरोपी सरपंच एक गरीब ग्रामीण से उसकी टपरिया (झोपड़ी) में सुधार कार्य करने देने के बदले रिश्वत मांग रहा था।

प्रार्थी शिवचरण नागवंशी पिता नंदकुमार नागवंशी उम्र 40 साल निवासी, जान्हवी नगर चुनाभट्टी के पास ग्राम पलारी सिवनी द्वारा दिनांक 02-03.2026 को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में शिकायत आवेदन दिया कि प्रार्थी की ग्राम पलारी में पिछले 4-5 साल से टपरिया बनाकर रह रहा है, इसके अलावा रहने की कोई जगह नहीं है। अपनी टपरिया में कुछ सुधार कार्य कराने के लिये गांव के सरपंच राम गोपाल डेहरिया ने 15000/-रुपये की मांग की थी।

शिकायत का सत्यापन किये जाने पर आरोपी द्वारा 15000/-रुपये की रिश्वत की मांग सही पायी गयी। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) जबलपुर की टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सिवनी जिले के ग्राम पंचायत पलारी के सरपंच रामगोपाल डेहरिया को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी सरपंच ने गांव के ही एक गरीब ग्रामीण से उसकी टपरिया (झोपड़ी) सुधारने के बदले रिश्वत की मांग की थी। मामला इस प्रकार है कि ग्राम पलारी निवासी शिवचरण नागवंशी (40 वर्ष) पिछले कई वर्षों से टपरिया बनाकर रह रहे हैं। उनके पास रहने के लिए इसके अलावा कोई अन्य स्थान नहीं है। जय शिवचरण ने अपनी जर्जर टपरिया में सुधार कार्य शुरू करना चाहा, तो सरपंच रामगोपाल डेहरिया ने काम न रोकने के बदले 15,000 रुपये की मांग की। सरपंच की प्रताड़ना से तंग आकर प्रार्थी ने 23 फरवरी 2026 को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी।

EOW द्वारा शिकायत का सत्यापन करने पर रिश्वत की मांग सही पाई गई। सोमवार, 9 मार्च 2026 को ट्रैप दल ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए सरपंच को सिवनी बस स्टैण्ड पर रंगे हाथों दबोच लिया। टीम ने सरपंच के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली है। आरोपी सरपंच के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कुत्ते से टकराकर बाइक पलटी, तीन युवक घायल



सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दारोटे ग्राम के पास रविवार देर रात एक सडक़ हादसे में तीन युवक घायल हो गए। तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आए कुत्ते से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक सडक़ पर गिरकर घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर लखनादौन से कछी बुधवार की ओर जा रहे थे। दारोटे ग्राम के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। तेज गति के कारण चालक बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बाइक कुत्ते से टकराकर पलट गई। हादसे में तीनों युवकों के हाथ, पैर, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में बाइक को भी काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं घायलों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

## खबर संक्षेप

### आज नगर मे होगी आंशिक जलापूर्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि सुआखेडा इंटकवेल में विद्युत प्रवाह बंद होने के कारण (जिसका मेंटनेंस कार्य जारी है) जिसके कारण नगरीय क्षेत्र की टंकी में पेयजल आना बंद हो चुका है जिसके कारण दिनांक 10 मार्च 2026 को नगरीय क्षेत्र में आंशिक जलापूर्ति होगी। असुविधा के लिये खेद है। कृपया अपने घरों में एक दिवस का जल बचाकर रखें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एतद् द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता हैं, कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14/03/2026 को प्रातः 10.30 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन मानस भवन नगर पालिका कार्यालय के बाजू में किया जा रहा हैं। करदाताओं से अपील हैं, कि बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमाकर अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं । साथ ही जिन करदाताओं की तरफ रूपये 10,000 (दस हजार रूपये) से अधिक सम्पत्तिकर एवं अन्य करों की राशि बकाया होने पर तथा राशि नगर पालिका कोष में जमा ना करने पर बकायादारों के नाम स्थानीय समाचार पत्रों में तथा नगर के दृष्टिगोचर स्थानों पर प्रकाशित किये जावेगें । इस प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिये करदाताओं से अपील की जाती हैं, कि दिनांक 14/03/2026 को नेशनल लोक अदालत (मानस भवन) में बकाया करों की राशि जमा करें ।

### महिला फेडरेशन द्वारा महिला दिवस मनाया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 8 मार्च 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यालय दलसागर के सामने सिवनी में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन की अध्यक्ष कामरेड माया गढ़ेवाल ने की कार्यक्रम की शुरुआत में माता सावित्री बाई फूले के छाया चित्र पर साथियों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात दिवंगत - गार्गी चक्रवर्ती, कल्पना सक्सेना शैली, कामरेड नल्ला कन्नू फिलिस्तीन में मारी गई महिलाएं एवं बच्चियां तथा ईरान के स्कूलों मे बमबारी मे मारी गई स्कूली छात्राओं को श्रद्धांजलि दी गई ।

प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश बुर्डे तथा सचिव कामरेड डी डी वासनिक रहे जिन्होंने महिला फेडरेशन का इतिहास महिला कामगारों की दशा तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### धन्वन्तरि क्लब ने महिला चिकित्साकर्मियों का सम्मान किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में धन्वन्तरि क्लब सिवनी के द्वारा जिला चिकित्सालय सिवनी में महिला चिकित्सकों और महिला चिकित्साकर्मियों का सम्मान किया गया एवं चिकित्सालय के महिला मरीजों को उपहार भेंट किये गये। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में धनवंतरी क्लब द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# बाघिन पी.एन. 20 का प्राकृतिक कारणों से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।



पेंच टाइगर रिज़र्व की वरिष्ठ बाघिन पी.एन. 20 (टी-20) का प्राकृतिक कारणों से निधन पेंच टाइगर रिजर्व की प्रसिद्ध एवं वरिष्ठतम बाघिनों में से एक पी.एन. 20 (टी-20), जिसे लंगड़ी बाघिन के नाम से भी जाना जाता था, आज प्रातः लगभग 10.30 बजे कर्माझिरी रेंज के बाइसन बीट अंतर्गत जोड़ा मुनारा कैम्प के पास मृत अवस्था में पाई गई। वर्ष 2008 में जन्मी इस बाघिन की आयु लगभग 18 वर्ष थी। यह बाघिन दिनाँक 06.03.2026 को अंतिम बार पर्यटकों को दिखाई दी थी। बाघिन काफी समय से दीर्घ आयु होने के कारण शारीरिक रूप से कमजोर थी। बाघिन की मृत्यु वृद्धावस्था के कारण से हुई। यह पेंच टाइगर रिजर्व की सबसे अधिक आयु वाली बाघिनों में से एक थी। पी.एन. 20 पेंच टाइगर रिजर्व की विश्वविख्यात कॉलरवाली बाघिन की सहोदर बहन थी। कर्माझिरी परिक्षेत्र के लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में इसका विचरण रहा है। सामने के पंजे में जन्मजात विकृति के कारण यह बाघिन हल्का लंगड़ाकर चलती थी, जिसके कारण यह पर्यटकों के बीच बाघिन के नाम से प्रसिद्ध हो गई थी।

पी.एन. 20 का प्रजनन इतिहास अत्यंत उल्लेखनीय रहा हैदिसंबर 2012 में प्रथम बार दो मादा शावकों को जन्म वर्ष 2016 में तीन शावक (एक नर, दो मादा)वर्ष 2019 में चार नर शावक वर्ष 2021 में एक मादा शावक, जो वर्तमान में पी.एन. 165 (लक्ष्मी) के नाम से कर्माझिरी परिक्षेत्र में विचरणरत है इस प्रकार पी.एन. 20 ने अपने जीवनकाल में कुल 10 शावकों को जन्म दिया, जिन्होंने पेंच टाइगर रिजर्व एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में अपने-अपने क्षेत्र स्थापित कर बाघों की संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्तमान में अत्यधिक वृद्धावस्था के कारण यह बाघिन शारीरिक रूप से कमजोर हो चुकी थी तथा स्वयं शिकार करने में भी असमर्थ हो गई थी। हालांकि, अन्य बाघों अथवा तेंदुओं द्वारा छोड़े गए शिकार से इसे समय-समय पर भोजन प्राप्त हो जाता था।अत्यधिक आयु के बावजूद इस बाघिन ने लंबे समय तक जीवित रहने की अदम्य इच्छा और संघर्षशील जीवन शक्ति का परिचय दिया। अपने जीवनकाल में इसने पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रतिष्ठित बाघिन के निधन पर मुख्य वन संरक्षक, सिवनी तथा पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन तथा द्वारा भावभीनी और सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पी. एन. 20 को हृअष्ट्र की निर्धारित गाइडलाइंस का पालन करते हुए वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक और स्थानीय पशु चिकित्सक द्वारा मुख्य वन संरक्षक सिवनी, उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, हृअष्ट्र प्रतिनिधि, स्थानीय जन प्रतिनिधि और राजस्व विभाग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पोस्टमार्टम एवं भस्मीकरण किया गया। पी.एन. 20 न केवल पेंच टाइगर रिजर्व की जैव विविधता का प्रतीक रही है, बल्कि बाघ संरक्षण प्रयासों की एक प्रेरणादायक मिसाल भी है।

# भगवान शिव की आराधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है-ओमप्रकाश दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

नगर के मरझोर स्थित शिवनगर में शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीशिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हो गया है। नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा और भक्ति के महत्व का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजकों के अनुसार शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 8 मार्च से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और दोपहर में धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम जारी रहेगा। पहले दिन सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक मण्डल पूजन तत्पश्चात 10बजे से11.00बजे तक रुद्रअभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से



पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का स्मरण किया।

दोपहर 2बजे से 5 बजे तक कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथाव्यास पंडित ओमप्रकाश दुबे महाराज ने श्रीशिव महापुराण की कथा का वाचन करते हुए भगवान शिव की महिमा, भक्ति और धर्म के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और भक्त को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है।कथा के दौरान भगवान शिव के स्वरूप, उनकी करुणा और भक्तों के प्रति उनके स्नेह का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। आयोजन समिति के अनुसार नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह पारायण और दोपहर में कथा प्रवचन का क्रम जारी रहेगा। आयोजन के समापन अवसर पर 16 मार्च को पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। आयोजक समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान सिवनी में भारत का गौरव - नारी शक्ति ड्रेस कंपटीशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज शांति शिखर में महिलाओं के आध्यात्मिक सशक्तिकरण हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहन मीना बिसेन, भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, एमएलबी स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आराधना राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता बहन रितु दहिकर, ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, ब्रह्मा कुमारी रामेश्वरी दीदी एवं ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं के स्वागत में बालिकाओं के द्वारा मनमोहन स्वागत नृत्य एवं महिला सशक्तिकरण हेतु नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही साथ वर्तमान समय स्वतंत्रता का जिस तरह से अनियंत्रित उपयोग किया जा रहा है उस पर ब्रह्मा कुमारीज सदस्यों के द्वारा एक्टिविटी प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बना भारत का गौरव नारी शक्ति ड्रेस कंपटीशन, जिसमें नारी के अनेक प्रेरणादाई रूपों को प्रदर्शित किया गया। डॉ आराधना राजपूत के माध्यम से महिलाओं को संदेश दिया गया कि हम अपने भारत देश की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्वयं का जीवन श्रेष्ठ बनाकर परिवार और समाज को श्रेष्ठ बनने में सहयोगी बने। ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी ने वंदे मातरम स्वर्णिम भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी वंदे मातरम के नारे लगाते हैं लेकिन भारत की हम माताओ को भारत का गौरव बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में पधारे अतिथि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी बहनों को ईश्वरीय सौगात प्रदान की गई एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी नारी शक्तियों को रंग पंचमी के अवसर पर तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। सभी मातृ शक्तियों ने आपस में मिलकर नृत्य करके रंग पंचमी एवं महिला दिवस का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 सदस्य उपस्थित रहे।

# डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर बलपुरा में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

शहर के प्रतिष्ठित निजी शैक्षणिक संस्थान डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय बारापत्थर सिवनी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बलपुरा में किया गया। यह शिविर 24 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक आयोजित हुआ। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, साक्षरता, वृक्षारोपण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने रैली एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से



विभिन्न सामाजिक संदेशों को गांव-गांव तक पहुंचाया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी एवं सरपंच श्रीमती संगीता कोल्हे के साथ माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठक प्रेम विक्रम धुर्वे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ गांव बनाने का संकल्प दिलाया।समापन समारोह में संस्था के चेयरमैन डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने छात्रों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने इंटरनेट से जुड़ी गलत सूचनाओं के प्रति भी छात्रों को सजग रहने का संदेश दिया। शिविर के दौरान बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भाषण, कविता, गीत आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, गणमान्य नागरिक, संस्था के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से सात दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# मानवाधिकार परिषद में मोहम्मद जावेद रज़ा बने जिला संगठन सचिव

सिवनी/ भीमगढ। भीमगढ़ क्षेत्र के युवा समाजसेवी मोहम्मद जावेद रज़ा को मानवाधिकार परिषद में जिला संगठन सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और मित्रों, शुभचिंतकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं।

मोहम्मद जावेद रज़ा लंबे समय से क्षेत्र में गरीबों, वंचितों और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण और मेहनत को देखते हुए मानवाधिकार परिषद ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी हैमानवाधिकार परिषद देशभर में मानव अधिकारों के संरक्षण और उनके हनन के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक प्रमुख संस्था मानी जाती है।अपनी नियुक्ति पर मोहम्मद जावेद रज़ा ने आदरणीय बील द्विवेदी, जिला अध्यक्ष मंडला राशिद खान तथा मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सिवनी में जल महोत्सवः महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित, जल गुणवत्ता परीक्षण की दी जानकारी

सिवनी, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सिवनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक छपारा के ग्राम तिलेपानी और टूटई में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में महिला दिवस को "नारी नीर शक्ति दिवस" के रूप में मनाते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को नल-जल योजना के संचालन और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें जल संरक्षण और पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर नल-जल योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन किया गया और उपस्थित ग्रामीणों को पानी की जांच की प्रक्रिया तथा उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अग्निपथ योजना 2026 के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित, युवाओं को दी गई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

अग्निपथ योजना 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं युवाओं को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से 24 एमपी बटालियन एनसीसी, छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय पी.जी. कॉलेज सिवनी में मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में हवलदार कृष्णा बहादुर थापा एवं रवि चोपड़े ने उपस्थित होकर युवाओं को अग्निपथ योजना की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ऑनलाइन आवेदन करना है तथा आगे की चयन प्रक्रिया में किन-किन चरणों से गुजरना होगा।

पी.जी. कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि बटालियन द्वारा समय-समय पर युवाओं को भारतीय सेना में करियर बनाने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाती है। इसी कड़ी में आयोजित इस शिविर में युवाओं को अग्निपथ योजना में रजिस्ट्रेशन की विस्तृत जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के पश्चात युवाओं को फिजिकल एवं मेडिकल प्रक्रिया के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने बटालियन से आए स्टाफ तथा कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमन के इस विशेष प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने युवाओं को रजिस्ट्रेशन के पश्चात चयन प्रक्रिया के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

# पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## महिला-पुरुष दोनों वर्गों में सिवनी विधानसभा की टीमों ने लहराया परचम

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सिवनी द्वारा मिशन स्कूल मैदान में पुरुष एवं महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सिवनी विधानसभा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में सिवनी विधानसभा की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को 21,000-21,000 रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। महिला वर्ग में बरघाट तथा पुरुष वर्ग में केवलारी की टीम उपविजेता रही, जिन्हें 11,000-11,000 रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तृतीय स्थान पर महिला वर्ग में धनौरा तथा पुरुष वर्ग में बरघाट की टीम रही, जिन्हें 5,100-5,100 रुपये की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चौथे, पांचवें एवं छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1,100-1,100 रुपये की राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने अपने संबोधन में कहा कि आज संसाधनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन पहले सीमित साधनों में भी खिलाड़ी पूरे उत्साह से खेलते थे। उन्होंने खिलाड़ियों को उपलब्ध सुविधाओं का सदुपयोग कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कबड्डी केवल शारीरिक शक्ति का नहीं बल्कि मानसिक सूझबूझ और रणनीति का भी खेल है। साथ ही उन्होंने बहनों की खेल में बढ़ती भागीदारी की सराहना की।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के मोबाइल और कंप्यूटर के दौर में शारीरिक गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवा न केवल स्वस्थ रहते हैं बल्कि अपनी संस्कृति से भी जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम में सदम सिंह वरकड़े जनपद अध्यक्ष छपारा, रेखा देशमुख अनुविभागीय अधिकारी, एस.एस. कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एचपीवी टीकाकरण में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**बालाघाट।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। बालाघाट जिला इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण में प्रदेश के सभी जिलों में प्रथम स्थान पर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले में 15 हजार 541 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 28 फरवरी से बालाघाट जिले में यह अभियान प्रारंभ किया गया है। 08 मार्च तक 14.48 प्रतिशत बालिकाओं का टीकाकरण कर बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। खरगोन जिला 12.65 प्रतिशत टीकाकरण के साथ दूसरे स्थान पर है और मुरैना जिला 10.12 प्रतिशत टीकाकरण के साथ तीसरे स्थान पर है। डा परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले को 30 मार्च तक 14 वर्ष की 15 हजार 541 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन इस लक्ष्य को 20 मार्च तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण के लिए 9 से 18 मार्च तक विकासखंड स्तर पर शिविर

**बालाघाट।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण के लिए जिले में विकासखंड स्तर पर 9 से 18 मार्च 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विकासखंड बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, खैरलांजी, लालबर्रा, किरनापुर एवं लांजी के उत्कृष्ट विद्यालयों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में शिक्षकों के लंबित क्रमोन्नति, समयमान वेतन, वेतन वृद्धि से संबंधित प्रकरण, सेवा अभिलेखों के अद्यतन, आगामी तीन वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा विभाग द्वारा परीक्षण तथा पेंशनरों के लंबित स्वत्वों से जुड़ी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। हालांकि इन शिविरों में स्थानांतरण एवं पदस्थापना से संबंधित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण वहीं पर खंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य द्वारा किया जाएगा। जिन प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर किया जाना है, उनके लिए 22 से 28 मार्च तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्रवाई की जाएगी।

### भारत मुक्ति मोर्चा ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

# सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में गलत इंजेक्शन लगाने से युवक पहुंचा कोमा में

**घटना बीते 11 फरवरी की, अबतक नहीं हुई कार्यवाही, सीएमएचओ ने कहा जांच अभी जारी हैं**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के एक निजी अस्पताल में गलत इंजेक्शन के कारण युवक के कोमा में जाने के मामले में भारत मुक्ति मोर्चा ने सोमवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने एनेस्थिसिया डॉक्टर पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह ज्ञापन सायंकाल 4 बजे सौंपा गया।

दरअसल, नगर के वार्ड नंबर 33 गायखुरी स्थित सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पीटल में 36 वर्षीय विवेक तिरपुड़े की हथेली के फ्रेक्चर का एक सामान्य ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद 11 फरवरी से विवेक तिरपुड़े कोमा में हैं। वर्तमान में उनका इलाज नागपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।





परिजनों की शिकायत के बाद सीएमएचओ के निर्देश पर मामले की जांच भी कराई गई थी, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। भारत मुक्ति मोर्चा का आरोप है कि एनेस्थिसिया डॉ. की लापरवाही के कारण युवक की हालत में सुधार नहीं हो रहा है।

भारत मुक्ति मोर्चा के प्रभारी रामदास ठवकर ने बताया कि इस पूरी घटना के लिए सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पीटल और महिला चिकित्सक डॉ. सृष्टि जैन जिम्मेदार हैं। उनके अनुसार, महिला चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण युवक कोमा में चला गया और अब भी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

संगठन ने डॉ. सृष्टि जैन पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना किसी और के साथ न हो। ठवकर ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो आगामी समय में भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले नगर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# 62 वर्षीय किसान पर जंगली जानवर का हमला

**घायल को ईलाज के लिए नागपुर भेजा गया है**






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बोरी गांव में सोमवार को खेत में काम कर रहे एक 62 वर्षीय किसान पर जंगली जानवर ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में किसान बुरी तरह जख्मी हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है।

घायल की पहचान भंडारी पिता तेजूलाल पांचे (62) के रूप में हुई है। सोमवार को जब वे अपने खेत में कृषि कार्य में व्यस्त थे, तभी समीपवर्ती जंगल से निकलकर आए, जंगली जानवर ने उन पर हमला बोल दिया।

जंगली जानवर ने किसान के पेट और शरीर के अन्य अंगों पर अपने पंजों से गहरे घाव कर दिए। भंडारी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद जंगली जानवर वापस जंगल की ओर भाग निकला।

ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल भंडारी को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चोट काफी गहरी होने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण ड्यूटी डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें तत्काल लेकर रवाना हो गए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और परिजनों से विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली जानवर की सक्रियता बढ़ गई है और वह कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली जानवर को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले ने घायल के पड़ोसी ओमकार पांचे का बयान दर्ज कर लिया है। मामले की डायरी संबंधित ग्रामीण पुलिस थाने को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

बोरी सर्किल प्रभारी राकेश भगत से चर्चा की गई, सर्किल प्रभारी के द्वारा बताया गया कि घटना सोमवार सुबह 9-10 बजे की हैं, प्रथम दृष्टया जंगली सुअर के द्वारा हमला किया गया हैं। घायल को उपचार के लिए भेज दिया गया हैं।

# अंतरराष्ट्रीय श्रवण दिवस पर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर, मरीजों का किया गया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अंतरराष्ट्रीय श्रवण दिवस के अवसर पर 6 मार्च को जिला अस्पताल बालाघाट में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, डीईआईसी बालाघाट, सीडब्ल्यूएसएन बालाघाट तथा जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव तथा सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विशेष नाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ऑडियोलॉजिस्ट सुश्री रश्मि सिंहा, डीईआईसी ऑडियोलॉजिस्ट आशीष रंगारे, इयर मोल्ड तकनीशियन हेमंत कुमार लखेरा तथा विशेष शिक्षक हरिप्रसाद लिल्हारे की उपस्थिति में मरीजों और हितग्राहियों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉकलियर इम्प्लांट से जुड़े बच्चों का पुनरीक्षण भी किया गया तथा उनके परिजनों को सुनने की क्षमता में सुधार और बच्चों के बेहतर विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच और उपचार कराने का संदेश दिया गया।

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष गतिविधियाँ आयोजित**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायतों में कार्यशालाएँ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों एवं विकासखंड स्तर पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और उनसे जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।



इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंगोदिया एवं जनजाति विभाग प्रमुख श्रीमती शकुंतला डामोर ने जिले के सावित्री फुले बालिका गृह पहुंचकर वहां निवासरत बालिकाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान बालिकाओं के हाथों से केक कटवाया गया और उनके साथ संवाद कर उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण (1 फरवरी से 8 मार्च 2026) के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विकासखंड वारासिवनी की ग्राम पंचायत गर्रा और रामपायली, किरनापुर की मर्री और बम्हनी, बिरसा की सालेटेकरी और बेहराभाटा तथा परसवाड़ा विकासखंड की खापाखेड़ा, सुकड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट और बैहर द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में ग्राम सभाओं के दौरान बाल विवाह रोकथाम को विशेष एजेंडा के रूप में शामिल किया गया और ग्राम को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही संभावित बाल विवाह वाले परिवारों की पहचान कर उन्हें समझाइश देने और सतत निगरानी रखने पर भी चर्चा की गई।

### आगामी माह में आयोजित होगा बैगा महोत्सव

**बालाघाट।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि आगामी माह में आयोजित होने वाले बैगा महोत्सव में बैगा जनजाति की संस्कृति एवं परम्पराओं के संरक्षण को लेकर कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। बैगा महोत्सव में विशाल स्वास्थ्य शिविर, पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, आधार अपडेशन कैम्प, कोदो कुटकी मिलेट का प्रदर्शन आदि भी शामिल किया जाना है। उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में जैविक उत्पाद विक्रय केंद्र शीघ्र प्रारंभ करें। बैठक में जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन का लक्ष्य शीघ्रता से पूर्ण करें। इसके लिए सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायो के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से समन्वय कर लक्ष्य पूर्ण करने कहा गया।

### सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश

**बालाघाट।** सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को समय सीमा में अटेंड नही करने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। इसमें जिला शहरी विकास अभिकरण एवं जनजातीय कार्य विभाग के नोडल अधिकारी का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा में आवेदक को सेवा प्रदाय नही करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गए। जिले के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिये गए।

**13 से 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन, 2 अप्रैल को लॉटरी से होगा स्कूल आवंटन**

# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बालाघाट।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में गैर-अनुदान प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के माध्यम से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत अभिभावक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस अथवा विस्तारित पड़ोस के निजी स्कूलों में उपलब्ध सीटों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करते समय अभिभावकों को न्यूनतम 3 और अधिकतम 10 स्कूलों का चयन करना होगा। इसके लिए बच्चे की समग्र आईडी दर्ज कर आधार के माध्यम से सत्यापन कराना अनिवार्य रहेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभिभावकों को निर्धारित सत्यापन केंद्र, यानी शासकीय जनशिक्षा केंद्र में जाकर अपने आवेदन का मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन कराना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निजी विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार 9 मार्च 2026 से आरटीई पोर्टल पर निजी स्कूलों और उपलब्ध सीटों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक चलेगी, जबकि दस्तावेजों का सत्यापन 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक किया जाएगा। पात्र विद्यार्थियों को 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश संबंधित स्कूलों में 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच कराया जाएगा।

श्री जीपी बर्मन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर अपने बच्चों को इस योजना का लाभ दिलाएं। प्रवेश से संबंधित पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और अन्य विस्तृत जानकारी आरटीई पोर्टल के साथ-साथ जिला शिक्षा केंद्र, बीआरसी कार्यालय एवं जनशिक्षा केंद्रों के सूचना पटल पर भी उपलब्ध कराई गई है।

# हत्याकांडः युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की गढ़ी पुलिस ने ग्राम नरघुटोला में हुए रामसिंह सैयाम हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी सुरेश सैयाम (40) को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सुरेश और मृतक रामसिंह दूर के रिश्तेदार थे। सुरेश को रामसिंह का अपनी विधवा भाभी के घर आना-जाना और बातचीत करना पसंद नहीं था, जिसे लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था।



6 मार्च की रात जब सुरेश ने रामसिंह को अपनी भाभी के घर देखा, तो विवाद इतना बढ़ा कि सुरेश ने लकड़ी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना प्रभारी सुनील घावरी के नेतृत्व में पुलिस ने संदेह के आधार पर सुरेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# बजट सत्र में सक्रियता से विधायक मधु भगत ने क्षेत्र को दिलाये करोडों की सौगात

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश विधानसभा के गत दिवस समाप्त हुए बजट सत्र में बालाधाट जिले के परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपनी सक्रियता, जनप्रतिबद्धता और प्रखर उपस्थिति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। सत्र के दौरान उन्होने न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया, बल्कि हर मुद्दे पर स्पष्ट और तथ्यपूर्ण चर्चा प्रस्तुत की। उनकी यह कार्यशैली के चलते उनके समर्थक वर्ग ने कहा कि वह केवल विधायक भर नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हितों को सर्वोपरि रखते है।

विधायक भगत ने परसवाडा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, ग्रामीण विकास और आदिवासी अंचल की विशेष समस्याओं से जुड़े मुद्दों को विस्तार से सदन के पटल में रखा। उन्होने सरकार से मांग की कि इन समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाये, क्योंकि इनका सीधा प्रभाव ग्रामीणों के जीवन और विकास पर पड़ता है। उनकी तार्किक दलीलों और क्षेत्रीय परिस्थितियों को समग्र पूर्ण से प्रस्तुत करने की शैली ने सदन का ध्यान आकर्षित किया और सरकार को इन बिन्दुओं का जवाब देने के लिये बाध्य किया। सदन के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी विधायक भगत ने उतने ही सक्रिय और मुखर दिखाई दिये। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में सरकार के विरूद्ध किये गये विरोध प्रदर्शन में उन्होने सक्रिय रूप से भागीदार निभाई। यह उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था और जनता की आवाज बुलंद करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वे लगातार सरकार की नीतियों और निर्णय में शामिल कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते रहे ताकि जनता की अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी न हो।

इन सभी राजनीतिक व जनहितकारी गतिविधियों के साथ ही विधायक भगत विकास के मोर्चे पर उतने ही प्रभावित साबित हुए। अपने सतत प्रयास और लगातार फालोअप के कारण वे परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के लिये करोडो रूपये के विकास कार्यो की सौगात लाने में सफल रहे। क्षेत्र के बोडुदाकला में औद्योगिक इकाई स्थापित करने वहीं ग्राम पंचायत कटंगी के ग्राम बोरी व लिंगा पंचायत के ग्राम परसवाडा के मध्य बहने वाली घिसर्री नदी पर 11करोड रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इस पुल निर्माण से क्षेत्रीय जनता को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। वहीं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं मानदेय वृद्धि, क्षेत्र में नया रेंजर कार्यालय खोले जाने, वहीं अधूरी सातनारी सिंचाई जलाशय परियोजना का मुद्दें को भी उन्होंने पुरजोर तरह से उठाकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया। इस मध्य व अनेक विभागों के मंत्रियों से मिलकर उनके विभाग से जुड़ी समस्याओं की तरफ ध्यान केन्द्रित करने के लिये प्रतिबद्ध दिखे। क्षेत्र के समग्र विकास को गति दिलाने के लिये हर वह प्रयास किया जो जरूरी था। इस प्रकार बजट सत्र के दौरान विधायक भगत की सक्रिय उपस्थिति परसवाडा क्षेत्र की जनता के बीच चर्चाओं का केन्द्र रही एवं केवल क्षेत्र की जनता में विश्वास ही नहीं बढ़ाया बल्कि उन्होने एक प्रभावी जनप्रतिनिधि के रूप में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास किया।



**आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की रखी मांग, सौंपा ज्ञापन**

# स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया काम

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



विकासखंड कटंगी के समस्त उप केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और मुख्यालय के वीर शिरोमणि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार 09 मार्च को काली पट्टी बांधकर कार्य किया। दरअसल, विगत दिवस 05 मार्च को मॉयल नगरी तिरोड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ बनवारी लाल मीणा और एक महिला स्वास्थ्य कर्मचारी के साथ गांव के ही 04 युवकों ने शराब के नशे में अभ्रद भाषा का उपयोग किया था। इसके अलावा नशे में धुत्त इन युवकों ने अस्पताल को आग लगाने की धमकी भी दी थी। इन युवकों में से एक युवक ने चिकित्सक के गिरेबान पर भी हाथ डालकर उन्हें घसीटकर कमरे से बाहर लाया था। यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसके बाद चिकित्सक और महिला स्वास्थ्य कर्मचारी ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई पुलिस ने इस पूरे मामले में तिरोड़ी निवासी कुनाल निखारे, रोहित सहारे, गौरव नेवारे, आशीष निखारे के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 296 (बी), 3(5) की कार्रवाई की है। परंतु अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसका अब स्वास्थ्य कर्मचारी विरोध कर रहे है।

सोमवार को तिरोड़ी में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर घटना का पूरजोर तरीके से विरोध किया और थाने में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने की मांग रखी है। इधर, कटंगी में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में विरोध प्रकट करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के जरिए भी आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग रखी गई है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो स्वास्थ्य कर्मचारी क्रमिक हड़ताल करेगें। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। गौरतलब हो कि जब से आरोपियों को पता चला है कि स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत पर पुलिस ने उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है तभी से सभी आरोपी फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है लेकिन अब जब स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है तो पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र करने का दबाव बढ़ गया है हालांकि सोमवार की शाम तक आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं कर पाई थी।